आज का दिन 1573 में अकबर ने अहम जंग जीती और गुजरात प

ऑनलाइन हुई खतौनी, कहीं से तुरंत प्राप्त करें

अच्छी खबर

लखीमपुर-खीरी | पवन तिवारी

खतौनी लेने के लिए अब तहसीलों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। जिले की सभी तहसीलों की खतौनी ऑनलाइन कर दी गई हैं। किसी भी लोकवाणी केन्द्र या सीएससी पर जाकर तुरंत ही प्राप्त कर सकते हैं। एनआईसी खीरी ने सभी तहसीलों की खतौनियों का डाटा नई दिल्ली स्थित एनआईसी के मेघराज क्लाउड सर्वर पर सेव कर दिया गया है।

डीआईओ एनआईसी बृजेश कुमार ने बताया कि डीएम आकाशदीप की विशेष पहल पर जिले की सभी तहसीलों की खतौनी ऑनलाइन कर दी गई हैं। ऑनलाइन खतौनी पर डिजिटल हस्ताक्षर होंगे। हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का नाम स्पष्ट रूप से खतौनी पर प्रिंट रहेगा। उन्होंने बताया कि खतौनी के लिए लोग तहसीलों में लाइन लगाते थे। घंटों लाइन में लगने के बाद भी कभी-कभार खतौनी नहीं मिल पाती थी। अब किसी भी लोकवाणी या सीएससी केन्द्र पर जाकर निर्धारित शुल्क अदा करें और तुरंत खतौनी प्राप्त करें।

छुट्टी के दिन भी यहां से खतौनी मिल जाएगी। अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेन्द्र सिंह ने डाटामैपिंग, अपलोडिंग आदि का कार्य कराया। डीएम आकाशदीप ने एनआईसी के अधिकारियों व कर्मचारियों की इस काम के लिए सराहना की। उन्होंने बताया कि इससे किसानों को काफी राहत मिलेगी।

- एनआईसी ने जिले की सभी तहसीलों की खतौनियों को किया ऑनलाइन
- लोकवाणी या सहज जनसेवा केन्द्र से डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त तुरंत मिलेगी खतौनी

मोबाइल पर भी देख सकेंगे खतौनी

डीआईओ एनआईसी बृजेश कुमार ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए खतौनी देखने को वेबसाइट को मोबाइल रिस्पांसिव बनाया गया है। इससे मोबाइल या अन्य पोर्टेबल उपकरणों पर खतौनी देख सकेंगे। कोई विभाग या चीनी मिल इसी वेबसाइट से खतौनी का सत्यापन भी कर सकेगा। वेबसाइट को खास तकनीक से यूनिकोड में विकसित किया गया है। खतौनी सर्च के लिए तीन विकल्प दिए गए हैं। इसमें खसरा, गाटा संख्या, खता संख्या और खातेदार के नाम से सर्च किया जा सकता है।